तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 6 अप्रैल 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



11 जिला पंचायत अध्यक्ष ने चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं





12 20 किमी साइकिल रैली का प्रतिभागियों में दिखा उत्साह




## खबर संक्षेप

### भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रदेशाध्यक्ष फहराएंगे ध्वज आज

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को 47 वां स्थापना दिवस मनायेगी। जिला कार्यालय में सुबह 9:30 बजे प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ध्वज फहरायेंगे। कार्यकर्ता अपने निवास में ध्वज फहराएंगे। प्रत्येक बूथ में स्थापना दिवस कार्यकतार्ओं व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मनाने का कार्यक्रम निर्धारित है। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि कार्यालय में विशेष रौशनी व सजावट की जा रही है। जहां संगोष्ठी होगा।

### मिशन गांव चलो अभियान का उद्देश्य पार्टी को मजबूत करना



**जगदलपुर।** मिशन गांव चलो अभियान के तहत बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने नगरनार में बैठक ली । बैठक में बूथ व पंचायत कमेटी के विस्तार व कार्ययोजना को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। सभी एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और गांव-गांव तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने का संकल्प लें । नए कार्यकतार्ओं को जोड़ना और आगामी चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करना है। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया ,रविशंकर तिवारी, वीरेंद्र साहनी, नीलुराम बघेल, दयाराम कश्यप, महामंत्री नीतीश शर्मा, सचिन खरे, मनु सेन, भुवन झा, खीरमनी, भोजराज नाग, दिलीप साहू, तिलक यादव, फूलमणि कश्यप, महारुराम कश्यप, दयालुराम कश्यप,ललित राऊत, मन्नू, धमार्दास नाग, सोनाई कश्यप, रामधर बघेल, रामसिंह कश्यप, बालूराम मंडावी, वट्टी मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की पहली प्राथमिकता राष्ट्रः प्रदेशाध्यक्ष

**जगदलपुर।** प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भाजपा के स्थापना दिवस पर कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्र को पहली प्राथमिकता देता है। जन सेवा को प्रभु सेवा मानकर कार्य करता है। हमारे पितृ पुरुषों ने राष्ट्र के विकास के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, कुशाभाऊ ठाकरे, राजमाता विजयाराजे सिंधिया, भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में भाजपा के पितृ पुरुषों की सहभागिता महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि पार्टी एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय है। पार्टी की कल्पना एक ऐसे राष्ट्र की है जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो ।

# महतारी सदन के निर्माण से बहनों को सुविधा होगी : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने नानगुर में महतारी सदन का लोकार्पण एवं मांझीगुड़ा में दुलारदई मातागुड़ी में डोम शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने महतारी सदन का फीता काटकर उद्घाटन किया। भवन का निर्माण 29 लाख 20 हजार की लागत से किया गया है।

विधायक श्री देव ने हल्बी बोली में संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत के महिलाओं को बधाई देते कहा कि देश की आधी आबादी को प्रतिनिधित्व करने वाली मातृ शक्ति के लिए सरकार ने महतारी सदन का निर्माण किया है, जिसमें महिलाएं अपने कार्यक्रम का आयोजन इस सदन में कर सकती हैं। महतारी सदन के निर्माण से क्षेत्र के महिला बहनों को काफी सुविधा होगी। इसके साथ ही सदन की साफ सफाई की व्यवस्था भी करनी होगी। प्रदेश सरकार ने नारी शक्ति के लिए महतारी वंदन योजना का संचालित कर आर्थिक सहयोग भी दे रही है। जिले में विकास को गति देने के दूरस्थ क्षेत्रों में योजनाओं को पहुंचाई जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य लगातार हो रहे हैं।

मांझीगुड़ा में 40 लाख 50 हजार रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। क्षेत्र के जनता के मांग के अनुरूप दुलारदई माता गुड़ी में 20 लाख की लागत से डोम शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही ग्राम मांझीगुड़ा में 300 मीटर नाली निर्माण लागत 9.50 लाख, सीसी सडक निर्माण लागत 6 लाख, एवं शेड निर्माण कार्य लागत 5 लाख के कार्यो का भूमिपूजन किया गया।

## नानगुर में भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

### जनता के मांग के अनुरूप कार्य

मांझी गुड़ा में विधायक ने कहा क्षेत्र के जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। वर्षों से माता गुड़ी में शेड निर्माण की मांग आ रही थी । मांझी गुड़ा में विभिन्न क्षेत्रों में सीसी सडक निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया।



### ये रहे मौजूद

इस दौरान सुब्रतो विश्वास, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जनपद सदस्य शांति बघेल, धंसे भारती, संरपंच रेदू नाग, मंगलसाय बघेल, हरिराम मंडावी, लखीधर बघेल, नीलांबर सेठिया, सतीश सेठिया, चंद्रकांत सेठिया, जयमोहन सेठिया, रंजीता व मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## प्रभारी मंत्री ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण

# नक्सलवाद के समापन में सरकार की रही निर्णायक भूमिकाः केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

वन व प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माण से लेकर आज नक्सलवाद के समापन की दिशा में सरकार ने निरंतर निर्णायक भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में प्रारंभ हुआ यह छात्रावास विभिन्न बाधाओं को पार करते हुए अब 2026 में पूर्ण होकर बच्चों के लिए समर्पित किया गया है, जो शासन की प्रतिबद्धता और इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

उक्त बातें प्रभारी मंत्री श्री कश्यप ने वार्ड 3 पुसामीपारा में 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित कौशल विकास सामुदायिक केंद्र भवन का लोकार्पण किया। यह केंद्र क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगारपरक कौशल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। इसके पश्चात 1 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से निर्मित प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास झापरा का लोकार्पण किया। छात्रावास का निरीक्षण करते हुए उन्होंने व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।



**शिक्षा ही सफलता का सबसे बड़ा माध्यम :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि वर्षों से बंद पड़े राम मंदिर केरलापेंदा को पुनः ग्रामीणों के लिए खोला गया। हनुमान जयंती के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन कर सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त किया गया। छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे देश और समाज का भविष्य हैं। शिक्षा ही सफलता का सबसे बड़ा माध्यम है। पढ़-लिखकर अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करें तथा अपनी क्षमता और रुचि के अनुसार विषय चुनकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि पहले और आज के सुकमा में बड़ा बदलाव आया है।

### महिलाएं हो रहीं सशक्त

महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं-बहनों को आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वे सशक्त हो रही हैं। वहीं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'लखपति दीदी' जैसी पहल सरकार द्वारा लागू की गई है, जो ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे ने भी ग्रामीणों को सम्बोधित किया।

### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में महिला आयोग सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू , माड़े बारसे, अरुण सिंह भदौरिया, जनपद अध्यक्ष कोंटा कुसुमलता कोवासी, नगरपालिका अध्यक्ष सुकमा हुंगाराम मरकाम, नगर पंचायत दोरनापाल अध्यक्ष राधा नायक तथा अन्य जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## संपत्ति में 98.04 जलकर में 30.08 प्रतिशत की वसूली

**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम वित्तीय वर्ष 2025-26 मार्च 31 तक के लिए कर वसूली अभियान के तहत राजस्व एकत्र किया है। करदाताओं को 30 अप्रैल तक टैक्स जमा करने की छूट दी गई है। 31 मार्च के बाद लगने वाले अधिभार से सरकार ने एक माह की छूट प्रदान की है। 30 अप्रैल के बाद 10 प्रतिशत पेनाल्टी के साथ टैक्स वसूली की जाएगी। इस वर्ष टैक्स वसूली का लक्ष्य 24 करोड़ 21 लाख 37 हजार निर्धारित किया गया था। इसमें से अब तक 19 करोड़ 11 लाख 27 हजार रुपए की वसूली की जा चुकी है।

- टैक्स जमा करने मिली एक माह की छूट

संपत्ति कर में टैक्स वसूली का लक्ष्य 6 करोड़ 76 लाख 58 हजार निर्धारित किया गया था 31 मार्च तक 6 करोड़ 63 लाख 31 हजार यानि 98.04 प्रतिशत की वसूली की गई। बकाया मांग के साथ इस वित्तीय वर्ष में 8 करोड़ 37 लाख 14 हजार निर्धारित किया गया था जिसमें 7 करोड़ 96 लाख 53 हजार यानि 95.15 प्रतिशत संपत्ति कर की वसूली ⏭ शेष पेज 10 पर

### अधिभार से बचने जमा करें संपत्तिकर

महापौर संजय पांडे ने करदाताओं से अधिभार से बचने 30 अप्रैल तक टैक्स जमा करने की अपील की हैं। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री को धन्यवाद प्रेषित किया है जिन्होंने करदाताओं को 1 महीने का छूट दिया है ।

# बस्तर परिवहन संघ के फिर अध्यक्ष बने प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर परिवहन संघ के चुनाव में इस बार तस्वीर पूरी तरह एकतरफा नजर आई। जहां प्रदीप पाठक के नेतृत्व वाले पैनल ने शानदार जीत दर्ज कर संगठन की कमान अपने हाथ में ले ली। सुबह से शुरू हुआ मतदान देर रात तक चला और परिणाम आते-आते यह साफ हो गया कि मतदाताओं ने बदलाव के बजाय मजबूत नेतृत्व पर भरोसा जताया है।

संघ के कुल 2143 सदस्यों में से 1432 ने मतदान में भाग लिया। दिनभर मतदान केंद्र के बाहर समर्थकों की हलचल और रणनीतिक समीकरणों की चर्चा होती रही। जैसे-जैसे मतगणना आगे बढ़ी, पाठक पैनल की बढ़त मजबूत होती गई और अंततः पूरे पैनल ने जीत दर्ज कर ली। अपना पैनल से अध्यक्ष प्रदीप पाठक मतगणना के सात राउंड में अपने प्रतिद्वंदी एकता पैनल के राजेश झा उर्फ कन्हैय्या से सभी राउंड में बढ़त बनाते कुल 932 वोट हासिल किए। जबकि राजेश झा 460 वोट हासिल कर पाए। इस तरह प्रदीप पाठक 472 मतों के अंतर से जीत हासिल की। जबकि सचिव पद में अपना पैनल के सुखदेव सिंह जोशी भी पहले राउंड से अंतिम सातवे राउंड तक अपने निकटम प्रतिद्वंदी अमरजीत सिंह से बढ़त बनाए थे। सुखदेव को 943 वोट मिला, जबकि अमरजीत को 430 मत मिले। सुखदेव 513 मतों के अंतर से जीत हासिल की। दो उपाध्यक्ष पद में महेंद्र सिंह नयन और रोशन यादव, कोषाध्यक्ष पद में जगनलाल झंवर, दो सह सचिव पद में संतोष सिंह यादव और रामबाबू ठाकुर को जीत मिली। एकता पैनल के सभी प्रत्याशियों की हार हुई। चुनाव परिणाम की घोषणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने देर रात जारी की। उन्होंने निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र सौंपा। जीत की सूचना मिलते ही अपना पैनल के सैकडों समर्थकों ने संघ कार्यालय के समक्ष आतिशबाजी कर एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाते जश्न ⏭ शेष पेज 10 पर



### परिवहन व्यवसाय को व्यवस्थित करना चुनौती

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा नई कार्यकारिणी के सामने सबसे बड़ी चुनौती परिवहन व्यवसाय को व्यवस्थित करना और सदस्यों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान करना होगा। परमिट, टैक्स, मार्ग निर्धारण और प्रतिस्पर्धा जैसे मुद्दों पर ठोस रणनीति बनाना आवश्यक होगा। साथ ही प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाना और नए अवसरों का सृजन करना भी प्राथमिकता में रहेगा ताकि संघ के सभी सदस्यों को इसका लाभ मिल सके।






## यीशु मसीह के जी उठने का मनाया गया पर्व

# ईस्टर पर चर्च और कब्रिस्तान में आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गुड फ्राइडे के बाद तीसरे दिन यीशु मसीह जी उठा है ऐसा विश्वास मसीहियों का है। आज के दिन सुबह तड़के मरियम मगदलीनी और सलोमी यीशु मसीह को जहां दफनाए थे उस कब्र को देखने गए थे तो कब्र का पत्थर लुढ़का हुआ पाया गया। स्वर्ग दूतों ने दर्शन देकर यह कहा तुम जीवते को मृतकों में क्यों ढूंढती हो। फिर उन्होंने चेलों को बताया की यीशु मसीह जी उठा है। तब उसके चेले पत्रस और यह यहोन्ना दौड़कर कब्र में गए। कब्र को उन्होंने खाली पाया उसके पश्चात यीशु मसीह 40 दिन तक लोंगों को दिखाई देते रहे। उसी को स्मरण करते हुए मसीह विश्वासियों ने आज ईस्टर पर्व पुनरुत्थान दिवस मनाया। आज सुबह चंदैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लाल चर्च में सुबह महिला समिति के तत्वाधान में यीशु मसीह के जी उठने का दृष्टांत प्रस्तुत किया गया।



**लाल चर्च में की गई ईस्टर की आराधना :** आराधना का संचालन वेरोनिका दानी ने किया। मसीह कब्रिस्तान शांति नगर में कब्रो में फूल माला, अगरबत्ती, मोमबत्ती अर्पित कर दिवंगतों को याद किया गया। इसी तरह करकापाल मसीह कब्रिस्तान में भी सुबह से लोगों का आना-जाना लगा हुआ था। शहर के सबसे पुराने गिरजाघर लाल चर्च में ईस्टर की आराधना हुई। प्रमुख वक्ता बिशप डा.एस सुना थे। कई सामाजिक संस्कार भी संपन्न किया गया। कवायर ⏭ शेष पेज 10 पर

### ईस्टर मेला लगेगा आज

आराधना संपन्न होने के पश्चात मसीह विश्वासियों ने एक दूसरे से मिलकर ईस्टर पर्व की बधाई दिए । ईस्टर के उपलक्ष्य में सोमवार को लाल चर्च मैदान में महिला समिति के द्वारा ईस्टर मेले का आयोजन किया गया है। विभिन्न प्रकार के व्यंजन समाज के सदस्य बना कर लायेंगे और ईस्टर की खुशियों में शरीक होंगे। यह मेला 6 अप्रैल की संध्या 4 बजे प्रारंभ होगा।

### जुलूस के रूप में पहुंचे कब्रिस्तान

भोर की आराधना लाल चर्च में संपन्न होने के पश्चात ओहो प्यारो मसीहा जिया है चलो दर्शन को चले जुलूस की शक्ल में रेव्ह लॉरेंस दास और रत्नेश बेंजमिन की अगुवाई में कब्रिस्तान तक जुलूस के शक्ल में पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### सोनेवारा में हनुमान जन्मोत्सव 7 को

**मगरलोड।** ग्राम सोनेवारा के बजरंग चौक में हनुमान जन्मोत्सव 7 अप्रैल को रखा गया है। सुबह 8 बजे कलशयात्रा, 9 बजे पूजा पाठ, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ पंडित रामदेव शर्मा भोथा द्वारा किया जाएगा। दोपहर 3 बजे अमृत संदेश मानस मंडली सोनेवारा, 4 बजे जय भारत मानस मंडली दरगहन, रात्रि 7 बजे मंदाकिनी मानस परिवार नूनाछापर जिला कवर्धा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में खिलावन सिन्हा, संतोष सिन्हा, भुवनेश्वर निर्मलकर, हेमलाल यादव सचिव, गौतम पटेल सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### अटंग में कर्मा मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया



**सिर्री।** ग्राम अटंग में 2 अप्रैल को संत माता कर्मा मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। ग्राम के गलियों में समाज की महिलाओं के द्वारा बाजे- गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा के दौरान रसना पानी, पेप्सी, चॉकलेट बांटा गया। बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, दानदाताओं ,वरिष्ठ सामाजिक जनों, सैनिकों का सम्मान किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णकांत साहू तहसील अध्यक्ष ने समाज की एकता, भाईचारे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहू समाज एक मेहनतकश समाज है। साहू समाज के लोग अपनी कड़ी मेहनत से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने समाजजनों की मांग पर पूरा करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नरसिंह साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है।

### अर्जित वेतन के विरुद्ध ऋण योजना शुरू



**नगरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 16 मार्च 2026 से अर्जित वेतन के विरुद्ध ऋण योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना का शुभारंभ नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में किया गया। योजना लागू होने के बाद प्रदेशभर के कर्मचारियों में हर्ष का माहौल देखने को मिल रहा है। इस योजना को लागू करवाने में कमल वर्मा, प्रांतीय संयोजक, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की अहम भूमिका रही। कर्मचारियों ने उनके निरंतर प्रयास, मजबूत नेतृत्व और दृढ़ संकल्प की सराहना की। कर्मचारियों का कहना है कि यह योजना लंबे समय से लंबित मांगों में शामिल थी। इसके लागू होने से अब जरूरत पड़ने पर कर्मचारियों को बिना ब्याज के अग्रिम राशि मिल सकेगी। साथ ही आवास और शिक्षा जैसे आवश्यक कार्यों के लिए आर्थिक सहायता मिलने से उनका आर्थिक आधार मजबूत होगा। कर्मचारियों ने इस पहल को कर्मचारी हित में एक ऐतिहासिक निर्णय बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे सकारात्मक फैसले लिए जाते रहेंगे।

# मसोरा जलाशय बनेगा पर्यटन का नया केंद्र, प्रकृति प्रेमियों का क्षेत्र के प्रति बढ़ा आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मसोरा जलाशय इन दिनों लेसर व्हिस्लिंग डक छोटी सिल्ही जैसी दुर्लभ बत्तखों की मौजूदगी से प्रकृति और पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच–30 से करीब 900 मीटर दूरी पर स्थित जामकोट जलाशय को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की पहचान और बढ़ेगी। ग्राम पंचायत मसोरा का चयन होम स्टे नीति के तहत किया गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर पर्यटन सुविधाओं का विस्तार होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। विधायक सुश्री लता उसेंडी और कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के प्रयासों से यहां 'वन भोज' कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय भोजन की विशेष व्यवस्था रहेगी।

**लेसर व्हिस्लिंग डक की मौजूदगी से बढ़ी रौनक**





### नाव विहार और अन्य सुविधाएं विकसित होंगी

पर्यटकों के लिए जलाशय में नाव विहार सहित विभिन्न सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि वे प्राकृतिक वातावरण में सुकून भरे पल बिता सकें।

## शहर में आरएसएस की जनगोष्ठी की गई आयोजित

# प्रत्येक वर्ग अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होगा, तभी सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन 3 अप्रैल को ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न वर्गों से जुड़े 453 प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा, बुद्धिजीवी एवं गणमान्य नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गंगा राम माझी उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना तथा संगठन के विचारों एवं कार्यों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में मजदूर संघ, शिक्षक संघ, चिकित्सक संघ, पूर्व सैनिक, पत्रकार, खेल जगत, स्वयं सहायता समूह, महिला समूह एवं युवा संगठनों के प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

- 453 प्रबुद्धजनों की सहभागिता, राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर हुआ मंथन

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख सुनील कुलकर्णी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब समाज का प्रत्येक वर्ग अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होता है, तभी एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। उन्होंने संगठन की कार्यपद्धति पर प्रकाश डालते हुए सेवा, समर्पण और संस्कार को समाज जीवन की आधारशिला बताया।



### पंच परिवर्तन पर विशेष मार्गदर्शन –

श्री कुलकर्णी ने "पंच परिवर्तन" विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य उन्होंने उपस्थित जनों से इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामाजिक विषयों पर सारगर्भित चर्चा हुई। वक्ताओं ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उपस्थित प्रतिभागियों ने समाजहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### सुव्यवस्थित संचालन, आभार के साथ समापन –

कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से किया गया। अंत में जिला सह संघचालक विजय नाग ने सभी प्रतिभागियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। यह गोष्ठी शहर में सामाजिक एकता, जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।



# पुनर्वासित व्यक्तियों को मिल रही आत्मनिर्भरता की नई राह, कौशल प्रशिक्षण से बन रहे हुनरमंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य शासन की पुनर्वास नीति के तहत जिले में पुनर्वासित व्यक्तियों को मुख्यधारा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। जिले में वर्तमान में 48 पुनर्वासित व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ देते हुए उनके कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुनर्वासित लोगों को उनकी रुचि के अनुसार असिस्टेंट शटरिंग कारपेंटर, गार्डनर, वाहन मेकेनिक, इलेक्ट्रिशियन एवं सिलाई–कढ़ाई जैसे रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं। प्रथम चरण में 38 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि वर्तमान में 10 लोग लाईवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ रहा है।

- 48 पुनर्वासित व्यक्तियों को मिल रहा लाभ

### प्रेरणादायक बन रही सफलता की कहानियां

मड़हो बाई कोर्राम, हाड़ोबाई सोडी एवं मोहन कोर्राम जैसे हितग्राही प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और शांतिपूर्ण जीवन जीने का संकल्प ले रहे हैं। शासन द्वारा प्रशिक्षण के साथ–साथ आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वरोजगार की योजनाओं का लाभ देकर पुनर्वासित व्यक्तियों को समाज में सम्मानपूर्वक पुनर्स्थापित किया जा रहा है।

# राज्यसभा सांसद चुने जाने के बाद पहली बार गांव पहुंची फूलोदेवी का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद के रूप में दूसरी बार जिम्मेदारी मिलने के बाद सांसद फूलोदेवी नेताम का अपने ग्राम फरसगांव आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। नगर में उनके स्वागत को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी के बीच कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने उनका जोरदार अभिनंदन कर नारेबाजी की।

- लड्डुओं से तौलकर किया गया सम्मान

ग्राम पहुंचते ही सांसद नेताम ने सबसे पहले पुराने शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष रवि घोष के नेतृत्व में नगर के रेस्ट हाउस में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हें मोतीचूर के लड्डुओं से तौलकर सम्मानित किया गया। कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने फूलमालाओं एवं गुलदस्तों से स्वागत करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### जनता की आवाज को सदन में मजबूती से उठाएंगी

मीडिया से चर्चा करते हुए सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा कि प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें पुनः राज्यसभा की जिम्मेदारी सौंपना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने छत्तीसगढ़ के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में उठाया था। अब दूसरी बार अवसर मिलने पर वे और अधिक सक्रियता के साथ प्रदेश के विकास एवं जनता की आवाज को सदन में मजबूती से उठाएंगी।



### ये रहे उपस्थित

स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, श्रीमती कलता मंडावी, श्रीमती राज मरकाम, श्रीमती शीशकुमारी चनाप, दिनेश जायसवाल, उग्रेश चन्द मरकाम, गुरदीप सिंह पंधेर, शिवलाल मंडावी, रितेश पटेल, ललित सलाम, बुधसन मरापी, हुकुम सेट्ठी, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्तर पर शाला का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





कोड़ेनार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार में हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि विनायक गोयल विधायक चित्रकोट, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मांडवी तथा अध्यक्ष तनुजा नाग सहायक संचालक आदिवासी विकास विभाग और बास्तानार ब्लॉक के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा के साथ शुरूवात की। प्राचार्य जी शिवा रेड्डी ने स्वागत उपरांत विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले बच्चों को अतिथियों ने सम्मानित किया। अंत में प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया । इस अवसर विद्यालय के स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहे।

- एकलव्य कोड़ेनार में मनाया गया वार्षिकोत्सव

## बिरेझर व कोटगांव में मानसगान सम्मेलन शुरू

**जीजामगांव।** क्षेत्र के बिरेझर एवं कोटगांव में 4 अप्रैल से त्रिदिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रामचरितमानस का प्रत्येक शब्द जीवन के लिए अनुकरणीय है। यदि इसके संदेशों को अपने जीवन में उतारा जाए, तो व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने अयोध्या कांड का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान राम के राजतिलक की पूरी तैयारी के बीच उन्हें 14 वर्ष का वनवास मिल गया, लेकिन उन्होंने न तो राजतिलक की खुशी जताई और न ही वनवास का दुख प्रकट किया। यह हमें सिखाता है कि जीवन में सुख-दुख की हर परिस्थिति में समान भाव रखना चाहिए। इस अवसर पर गौकरण साहू, गणेश साहू, कृष्णकांत साहू, भूपेंद्र साहू, चंद्रशेखर साहू, डॉ. लोकेश साहू, थानेश्वर तारक, हरिशंकर साहू, कामता साहू, गुलशन साहू, डॉ. हेमलाल साहू, देवचरण चंद्राकर और संदीप डहरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### संपत्ति कर में 98.04 और...

की गई। जल में टैक्स वसूली का लक्ष्य 8 करोड़ 25 लाख 9 हजार निर्धारित की गई थी, 31 मार्च तक 2 करोड़ 48 लाख 18 हजार की वसूली यानि 30.08 प्रतिशत की वसूली की गई। दुकानों के किराया में 1 करोड़ 80 लाख 54 हजार की वसूली की गई।

### बस्तर परिवहन संघ...

मनाया। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और फूलमालाओं से स्वागत किया। नई टीम से अब परिवहन व्यवसाय में सुधार, पारदर्शिता और सदस्यों की समस्याओं के त्वरित समाधान की उम्मीद जताई जा रही है। समर्थकों का कहना है कि यह जीत केवल व्यक्तियों की नहीं बल्कि संगठन में स्थिरता और विकास की दिशा में उठाया गया कदम है।

**रोमांचक रहा पूरा दिन :** सुबह आठ बजे से शुरू हुए मतदान में शुरूआती घंटों से ही सदस्यों की लंबी कतारें देखने को मिलीं जिससे चुनाव के प्रति उत्साह साफ नजर आया। दोपहर बाद मतदान ने रफ्तार पकड़ी और शाम तक रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया। देर शाम मतगणना शुरू होते ही दोनों पक्षों के समर्थक कार्यालय के बाहर डटे रहे और हर राउंड के साथ बढ़ती बढ़त ने माहौल को रोमांचक बनाए रखा।

### ईस्टर पर चर्च और...

और विभिन्न ग्रुप ने ईस्टर के उपलक्ष में विशेष गीत गाए । वक्ता ने अपने उपदेश में बताया कि ईस्टर मसीह के जी उठने की घटना से संबंधित है उसके संबंध में बाइबल से विभिन्न उदाहरण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ एवं बस्तर के लिए विशेष दुआ की गई और अमन चैन के लिए खुदा से दुआ मांगा।

# विधायक ने नपा अध्यक्ष के पति को बना दिया प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



किरंदुल नगर पालिका के अध्यक्ष रूबी सिंह के पति किरंदुल पालिका के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह को किरंदुल में विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने का पत्र व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल होने पर जहां लोगों की बधाई उन्हें प्राप्त हो रही है। वहीं दूसरी तरफ ब्लॉक कांग्रेस ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों में सांसद एवं विधायकों द्वारा निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के परिवार, रिश्तेदार, नातेदार को प्रतिनिधित्व पर्सनल नियुक्त किए जाने पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 (3) व 21 का उल्लंघन माना है। जिसके तहत नगर पालिका अध्यक्ष के पति को विधायक प्रतिनिधि बनाने का विरोध किया गया। दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अट्टामी ने किरंदुल नगर पालिका क्षेत्र में कार्यों की समीक्षा हेतु विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह को नियुक्त किया है। किरंदुल ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र राय, पार्षद बालसिंह कश्यप, अमृत टंडन, गायत्री साहू, इला पटेल, दिनेश प्रसाद, आर राजू, दीपक गोस्वामी तथा अमन ने ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि के विरोध में ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है।

- नियुक्ति पर ब्लाक कांग्रेस का विरोध कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### विधायक ने किया नियम का उल्लंघन

राजेंद्र राय ने कहा कि राज्य के नगरीय निकायों में महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार बैठक आदि में भाग नहीं लेने और हस्तक्षेप करने के संबंध में निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम की धारा अनुसार सांसद, विधायक द्वारा नगरीय निकायों में अपने प्रतिनिधि नियुक्त करने पर रोक लगाई है। दंतेवाड़ा विधायक ने इस नियम का उल्लंघन करते हुए वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष के पति को विधायक प्रतिनिधि बनाया है जिसका ब्लॉक कांग्रेस विरोध करती है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती पर गूंजे जय श्रीराम के जयकारे



**भोपालपटनम।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर के शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां भक्तों ने विधि-विधान से भगवान हनुमान की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर हनुमान भक्तों ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमान चौक तक पहुंची। इस दौरान भक्तगण जय श्रीराम के जयघोष के साथ भजन-कीर्तन करते हुए पूरे नगर में भ्रमण करते नजर आए। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और हर ओर श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। यात्रा के समापन के बाद पुनः मंदिर परिसर में पहुंचकर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### अजा मोर्चा के जिला प्रभारी बने राजकुमार

**सुकमा।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा में संगठनात्मक विस्तार को गति देते हुए प्रदेश नेतृत्व ने एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। प्रदेश अजा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य राजकुमार श्रीवाने को अजा मोर्चा दंतेवाड़ा का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। श्रीवाने लंबे समय से पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता, कार्यशैली और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। दंतेवाड़ा जैसे संवेदनशील और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जिले में उनकी नियुक्ति को संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में अजा मोर्चा दंतेवाड़ा में नए आयाम स्थापित करेगा और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



### 12वीं बोर्ड परीक्षा संचालन पर बैठक, सख्त निर्देश

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के प्रभावी एवं सुचारू संचालन को लेकर सभी केंद्र अधीक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया की उपस्थिति में तथा दोनों मास्टर ट्रेनर्स के साथ स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बीजापुर में संपन्न हुई। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, बीजापुर द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। केंद्र अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे परीक्षा से संबंधित सभी नियमों और निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

# प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही हो सुनिश्चित

## शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एसडीएम ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

- जन्म प्रमाण पत्र, राशन वितरण, सोलर लाइट मरम्मत, आवास योजना व मनरेगा कार्यों में गति लाने पर जोर

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोंटा सुभाष शुक्ला एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कोंटा सुमित ध्रुव के द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सचिवों को शासकीय दायित्वों के निर्वहन में निष्ठा, सजगता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विभिन्न योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों द्वारा प्रत्येक नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र नियमित रूप से तैयार करने, जन्म पंजीयन रजिस्टर में अनिवार्य प्रविष्टि करने तथा ऑनलाइन इंद्राज सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।



### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे राशन

आयोजित बैठक में कड़े तेवर दिखाते हुए एसडीएम सुभाष शुक्ला ने कहा कि कोंटा विकासखंड की सभी 67 ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने, उचित मूल्य दुकानों में स्वच्छता एवं खाद्यान्न गुणवत्ता बनाए रखने, तथा अंतिम व्यक्ति तक राशन पहुंचाने के लिए कड़ाई से निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट की मरम्मत को प्राथमिकता देते हुए जहां मरम्मत आवश्यक है वहां तत्काल कार्य प्रारंभ करने तथा जहां नई आवश्यकता है, उसकी जानकारी 2 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



### लंबित पेंशन प्रकरणों का 2 दिवस में करें निराकरण

बैठक में प्रशासनिक परिसर अंतर्गत स्वीकृत समस्त निर्माण कार्यों को 31 मई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने हेतु भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत शेष पात्र हितग्राहियों के दस्तावेज 2 दिवस के भीतर जमा कराने, तथा अपात्र हितग्राहियों के मामलों में अपात्रता प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु सचिवों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त मनरेगा अंतर्गत ई-केवाईसी ऑनलाइन पूर्ण करने, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आईएचएचएल स्वीकृति प्रक्रिया में तेजी लाने तथा लंबित पेंशन प्रकरणों का 2 दिवस के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिए गए।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नकुलनार

- सुदूर अंचलों में जनसंवाद

दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिले की सीमा से लगे कटेकल्याण विकासखंड के सुदूर और दुर्गम ग्राम पंचायतों में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी ने व्यापक जनसंवाद अभियान चलाते हुए ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाई।

इस दौरान उन्होंने प्रतापगिरी, जंगमपाल, छोटे लखपाल सहित कई ग्राम पंचायतों का दौरा कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और आत्मीय माहौल में



अपनी आवश्यकताओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को खुलकर साझा किया। ग्रामीणों ने विशेष रूप से कटेकल्याण–प्रतापगिरी सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग प्रमुखता से उठाई। इस पर मुडामी ने बताया कि सड़क का अधिकांश कार्य दोनों ओर से पूरा हो चुका है, लेकिन बीच का कुछ हिस्सा अभी शेष है, जिसे प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने स्वयं दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए स्पष्ट किया कि यह मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा है और इसके पूरा होने से आवागमन बेहद आसान हो जाएगा। वर्तमान में जहां ग्रामीणों को 100 से 120 किलोमीटर का लंबा सफर तय करना पड़ता है, वहीं सड़क पूर्ण होने के बाद यह दूरी घटकर मात्र 15 से 20 किलोमीटर रह जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के समन्वय से इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाएगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच बेहतर होगी। प्रवास के दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना की जानकारी दी तथा इनके प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा भी की।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय स्कूल और उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए। बच्चों के पोषण, शिक्षा की गुणवत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर विशेष जोर दिया गया। प्रवास के दौरान उन्होंने प्रताप गिरी स्थित 14 परगना माता मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पोटाकेबिन विद्यालयों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नई पहल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

- 22 विद्यालयों से 229 छात्र-छात्राएं 59 टीमों के रूप में हुए शामिल

दूरस्थ एवं आदिवासी अंचल दंतेवाड़ा में शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव पहल के तहत अब बच्चे आधुनिक तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़कर अपने भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं। जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा नवगुरुकुल फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग तथा समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित पोटा केबिन विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र से डिजिटल साक्षरता एवं एआई के माध्यम से करियर अन्वेषण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। हैकाथॉन में जिले के 22 विद्यालयों से 229 छात्र-छात्राएं 59 टीमों के रूप में शामिल हुए। विद्यार्थियों ने पर्यावरण एवं सतत विकास, विद्यालय एवं सामुदायिक समस्याएं, स्वास्थ्य एवं पोषण, स्मार्ट कृषि तथा दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं जैसे विषयों पर कार्य करते हुए स्थानीय स्तर पर समाधान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न समस्याएं दी गईं, जिनका उन्होंने एआई उपकरणों की सहायता से विश्लेषण कर समाधान तैयार किया। इन समाधानों को पावर प्वाइंट प्रस्तुति, पोस्टर एवं चैटबॉट जैसे माध्यमों से प्रस्तुत किया गया। सभी टीमों ने उत्साह, रचनात्मकता और सामूहिक कार्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विधायक चैतराम अटामी ने भी कार्यक्रम का अवलोकन कर विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें आधुनिक तकनीकी कौशल के महत्व के बारे में प्रेरित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने अपने संबोधन में कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद दंतेवाड़ा के बच्चे लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और अब एआई जैसे आधुनिक कौशल उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

अरविंद कुंजाम ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के साथ-साथ पारंपरिक ज्ञान और सामाजिक जिम्मेदारी को भी साथ लेकर चलना आवश्यक है। इसी क्रम में 29 मार्च को एजुकेशन सिटी जावांगा स्थित नवगुरुकुल परिसर में एक दिवसीय एआई के माध्यम से करियर अन्वेषण हैकाथॉन का आयोजन कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में किया गया।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

टेट अनिवार्यता के विरोध में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित ऐतिहासिक आंदोलन में देशभर से आए शिक्षकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस आंदोलन ने शिक्षकों की एकजुटता और संघर्ष की ताकत को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से प्रदर्शित किया। छत्तीसगढ़



से प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर के नेतृत्व में हजारों शिक्षक इस आंदोलन में शामिल हुए। बड़ी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि टेट अनिवार्यता के मुद्दे पर शिक्षक समाज पूरी तरह एकजुट है और अपने अधिकारों के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ने को तैयार है। आंदोलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्रा शर्मा ने कहा कि टेट अनिवार्यता का निर्णय लाखों शिक्षकों के भविष्य के साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार से इस फैसले को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को और उग्र एवं व्यापक रूप दिया जाएगा।, आंदोलन में डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल मुख्य अतिथि की भूमिका में थे, उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा कर, इस समस्या का समाधान करेंगे और हर परिस्थिति में शिक्षकों के साथ न्याय करेंगे और जरूरत पड़ने पर उनके हक के लिए आवाज भी बुलंद करेंगे।

# चंदिया मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में मना इस्टर दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- कब्रिस्तान में प्रियजनों की कब्रों पर की श्रद्धांजलि

शहर के चंदिया मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में रविवार को पुनरुत्थान (इस्टर) दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रभु यीशु के मरण उपरांत को लघु नाटक के रूप में महिला समिति की बहनों ने बड़े भोर को मंच पर प्रस्तुत किया। उसके बाद यीशु मसीह के पुनरुत्थान के गीतों को गाते हुए मसीह कब्रिस्तान जाकर अपने प्रियजनों की कब्रों पर श्रद्धांजलि अर्पण किया। ज्ञात हो कि ईस्टर का त्यौहार जो मसीहिओं के लिए एक बड़ा त्यौहार है, जिसे पुनरुत्थान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इसलिए आज की आराधना में विशेष गीतों के माध्यम से संडे स्कूल शिक्षकों, मेथोडिस्ट एवं महिला समिति की बहनों और





क्वायर के जवान एवं बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। मुख्य वक्ता रेव्ह. रवींद्र नाथ द्वारा प्रभु यीशु मसीह के संदेश को जिसमें उन्होंने मानव जाति को प्रेम, दया, सहनशीलता, कर्म आदि सिखलाया उसके बारे में बताया और उनके पुनर्जीवित एवं पुनरुत्थान के अंतर को स्पष्ट किया गया। रेव्ह. यूसुफ सिंह ने आराधना का संचालन किया। अंत में मुख्य वक्ता ने आशीष वचन देकर आराधना संपन्न की। इसकी जानकारी मसीह समाज प्रवक्ता अनिमेष दास द्वारा दी गई।

# मां हिंगलाज की पावन धरा में चैत्र जात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घाटलोहंगा

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां हिंगलाज की पावन धरा ग्राम गिरोला स्थित मां हिंगलाजिन मंदिर प्रांगण में चैत्र बाजार एवं चैत्र जात्रा का आयोजन बड़ी ही श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन एवं विभिन्न देवी-देवताओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की गई तथा मां हिंगलाज



से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम में पहुंचे देवी-देवताओं के प्रतिनिधियों एवं अतिथियों का श्रीफल एवं वस्त्र देकर सम्मान किया गया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर प्रांगण में भक्तिमय माहौल बना रहा और ग्रामीणों ने मिलकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाया। बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा उप नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मां हिंगलाज की इस पावन धरा पर हमारे पूर्वजों का आशीर्वाद और पितृ देव शक्तियों की विशेष कृपा बनी हुई है। सभी माताओं और देवी शक्तियों के आशीर्वाद से ही हर वर्ष चैत्र जात्रा और बाजार में आसपास के गांवों के देवी-देवता यहां पधारते हैं। उन्होंने कहा कि यह परंपरा हमारे पूर्वजों की आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जहां सभी देवी-देवताओं का सम्मान किया जाता है।

# गुमड़ा ने घोटपाल को हराकर ट्राफी पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुमड़ा के रुंडी पारा क्रिकेट ग्राउंड मे 6 दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता स्टार क्रिकेट क्लब गुमड़ा द्वारा ग्रामीण टी 10 टेनिस बॉल क्रिकेट सीजन 3 के तहत आयोजित की गई। जिसमें 16 टीमों की भागीदारी रही। इस प्रतियोगिता का फाइनल में गुमड़ा टीम और घोटपाल टीम के मध्य खेला गया।

इस प्रतियोगिता मे मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष शकुंतला सुधराम



भास्कर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश कौशल उपस्थित रहे। गुमड़ा के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन कर विजेता ट्रापी पर कब्ज़ा किया। द्वितीय स्थान पर घोटपाल की टीम रही। स्टार क्रिकेट क्लब गुमड़ा के द्वारा मैच में शानदार प्रदर्शन करने पर खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया गया। जिसमे मैन ऑफ दी मैच अशोक नेताम, बेस्ट फिल्डर पिंटू यादव , बेस्ट बालर बिनु पोयाम, बेस्ट बेट्स मैन संतोष यादव रहे। उप विजेता टीम घोटपाल को शिल्ड मैडल व 15000 रु. नगद एवं विजेता टीम गुमड़ा के कप्तान विजय नेताम को शिल्ड मैडल व 25000 रु. नगद मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और वरिष्ठ नागरिक, सरपंच, उप सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधियों के हाथों से दिया गया। समापन के दौरान मुख्य अतिथि राहुल दुबे, विशिष्ट अतिथि बालसिंह कोरसा, बलदेव कश्यप, गंगू कुरसम, बलदेव सोड़ी, सरपंच माड़पाल अर्जुन मुरामी, सरपंच गुमड़ा नन्दू सोड़ी, बुधराम वेक पूर्व सरपंच, करन सिंह ठाकुर पूर्व उप सरपंच, अशोक नेताम उप सरपंच गुमड़ा एवं ग्राम पंचायत गुमड़ा, क्रिकेट कमेटी के सदस्य व एम्पायर स्कोरर सहित अन्य बुद्धिजीवी, मुखिया व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर से मिल रही स्वास्थ्य सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए संचालित नियद नेल्लानार योजना अब धरातल पर सार्थक परिणाम दे रही है।

जिला बीजापुर के दुर्गम क्षेत्र ग्राम पालनार में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के खुलने से 28 जनवरी से अब तक सैकड़ों ग्रामीणों को उनके घर के समीप ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पालनार और आस-पास के गांवों में स्वास्थ्य के प्रति आई इस जागरूकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस



अल्प अवधि में ही कुल 747 मरीजों ने ओपीडी सेवाओं का लाभ उठाया है। इसके अलावा, आवश्यकतानुसार 16 मरीजों को भर्ती कर उनका सफलतापूर्वक उपचार किया गया। पहले जिन ग्रामीणों को छोटी बीमारियों के लिए भी मीलों पैदल चलना पड़ता था, उन्हें अब विशेषज्ञ परामर्श और निःशुल्क दवाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल रही हैं।

संवेदनशील क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस केंद्र में अब तक 5 सुरक्षित प्रसव कराए गए हैं। शासन की मंशा के अनुरूप, नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु नवजातों के जन्म प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। साथ ही, क्षेत्र की 15 गर्भवती महिलाओं और 18 धात्री माताओं की नियमित स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण सुनिश्चित किया गया है। योजना के तहत गैर-संचारी रोगों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पालनार केंद्र में अब तक 250 ग्रामीणों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 25 मरीज उच्च रक्तचाप से ग्रसित पाए गए। 12 मरीज मधुमेहसे पीड़ति मिले। 1 ग्रामीण में ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण मिलने पर तत्काल उच्च चिकित्सा केंद्र हेतु रेफर किया गया।

पालनार में आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सफलता यह दर्शाती है कि शासन की योजनाएं अब अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। इससे न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हुआ है, बल्कि ग्रामीणों का प्रशासन के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ हुआ है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## बदले मौसम के मिजाज ने सब्जियों पर डाला असर



**जगदलपुर।** बदले मौसम के मिजाज ने सब्जियों पर भी खासा असर डाला है। शहर के साप्ताहिक बाजार में रविवार को अधिक आवक के कारण स्थानीय बाजारों में टमाटर की कीमतें गिरकर 6 से 10 रूपए प्रति किलोग्राम तक आ गई हैं। यह स्थिति स्थानीय टमाटरों के बाजार में आने के कारण बनी है। किसान अपनी उपज के लिए तुड़ाई की लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं, वहीं आम ग्राहकों को बहुत सस्ती दरों पर टमाटर मिल रहा है। बताया जा रहा है कि टमाटर की खेती में बीज, खाद, दवा और मजदूरी पर काफी खर्च आता है, लेकिन मंडी में मिलने वाला भाव उनकी लागत भी नहीं निकाल पा रहा है, ऐसे में किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। शरीर को ठंडा रखने वाली सब्जियां, जैसे ककड़ी और खीरा, ज्यादा पसंद कर रहे हैं। बाजार में टमाटर 6-10, मटर 40, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 20, भिंडी 60, आलू 20, प्याज 30, भट्टा 50, मुनगा 50, करेला 60 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 8 जूड़ी, प्याज भाजी 20 रूपए में 3 जूड़ी बिक रही है।

## प्रशासन ने लगाई ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के विभिन्न तहसीलों में इन दिनों प्रशासन के द्वारा आयोजित राजस्व शिविरों के माध्यम से जनता की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप राजस्व संबंधी मामलों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे राजस्व पखवाड़ा के तहत शनिवार को तोकापाल तहसील के छापर भानपुरी व बड़े पाराकोट, दरभा के कटेनार व अलवा तथा बास्तानार तहसील के बड़े बोदेनार और लालागुड़ा में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाना और उनके जरूरी दस्तावेजों को गाँव में ही उपलब्ध कराना रहा।

### अध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर की टीम का विस्तार

# भाजपा महिला मोर्चा में बिजली और पूनम महामंत्री नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर







भारतीय जनता पार्टी ने महिला मोर्चा की नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी की सहमति व जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय की अनुशंसा से जिला अध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर ने जिला

■ **जिला स्तर पर व्यापक फेरबदल, कई नए चेहरों को जिम्मेदारी**

कार्यकारिणी टीम घोषित की है। महामंत्री का दायित्व बिजली बैद्य और पूनम सिन्हा को सौंपा गया है।

जिला उपाध्यक्ष कुसुम परिहार, डाकेश्वरी पाण्डेय, गीता मिश्रा व बीबी चंदाबानो बनायी गयीं हैं। जिला मंत्री मीना विश्वकर्मा, उर्मिला गोयल, पुष्पा तिवारी, रेखा नाग, विभा सिंह नियुक्त हुईं हैं। वहीं कोषाध्यक्ष बसंती नायक, सह कोषाध्यक्ष किरण उईके, कार्यालय प्रभारी श्वेता गुप्ता, मीडिया प्रभारी अनिता पटेल एवं सोशल मीडिया प्रभारी अलका सेंगर को बनाया गया है। कार्यसमिति सदस्यों में रेखा परमार, शशि नाग, रीना घोष, मधुमिता कश्यप, आशा पाटिल, बुटकी कश्यप, चम्पा नाग, त्रिवेणी रंधारी, पार्वती शर्मा, सोनमती घोष, तिलोत्तमा बघेल, आशा महापात्र, धनमती बिसाई, धनमती प्रजापति, जयमनी ठाकुर, स्थायी आमंत्रित सदस्यों में अन्नपूर्णा नायडू, सुधा मिश्रा, अनिता श्रीवास्तव, दयामनी बघेल, रमन्ना सोनी, रौशन सिसोदिया, मीना साहू, विशेष आमंत्रित सदस्यों में वेदवती कश्यप, दीप्ति पाण्डेय, दयावती देवांगन, ममता राणा, रामबती भण्डारी, सोनबारी भद्रे, महावती मण्डावी, पद्मा कश्यप, पदमनी कश्यप, मानकदई कश्यप, जयबती कश्यप, अंजू राय व टिकेश्वरी मण्डावी को स्थान दिया गया है। वेदप्रकाश पाण्डेय ने संगठन की रीति नीति पर चलते हुए पार्टी को मजबूत बनाने व दायित्वों को कर्मठता से पूर्ण करने की अपेक्षा की है।

# नालियों में बहने वाला रामाबूटी का पानी अब पाइपलाइन से होगा संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल



रविवार को नगर पालिका परिषद, किरंदुल के अध्यक्ष की अध्यक्षता में वार्ड 2 में रामाबूटी से मेन टंकी तक डीआई पाइप लाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन हुआ। लगभग 122 लाख रुपये की लागत से होने वाला यह कार्य क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

यह कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चेतराम अटामी विधायक दंतेवाड़ा शामिल हुए। विधायक के आगमन पर उनका गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया तथा गजमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में नगर पालिका सीएमओ शशि भूषण महापात्र, पार्षद लक्ष्मी ठाकुर, देवकी ठाकुर, यशोदा चुन्नम, लीना सोनी, गोपीनाथ हरिजन, राजकुमार सोनी, थामस बाबू दुर्गम, इला पटेल, अनिल मरकाम, मण्डल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, डीपी मिश्रा, आरसी नाहक, अतुल सिंह, रविंद्र सोनी, अमरीक सिंह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, सहित बीजेपी के समस्त जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि यह पाइपलाइन विस्तार कार्य वार्ड 2 के लिए एक बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई थी, जिसे दूर करने के लिए यह योजना शुरू की गई है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों की गति इसी तरह आगे भी जारी रहेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। विधायक चेतराम अटामी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ एवं पर्याप्त पानी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह योजना क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को समय-सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। वार्ड पार्षद गिरजा विश्वकर्मा ने कहा कि यह योजना वार्डवासियों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित थी, जिसके पूरा होने से पानी की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। उन्होंने नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही ऐसे विकास कार्य संभव हो पाते हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने इस योजना को क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसे जल्द पूर्ण करने पर जोर दिया।

# जमीन संबंधी मामलों का शिविर में हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




लोहण्डीगुड़ा विकास खंड के ग्राम पंचायत गढ़िया में राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। जहां ग्रामवासियों की समस्याओं का निवारण किया गया। ग्रामीणों के जमीन से जुड़े मामले पर उचित मार्गदर्शन के साथ निदान किया गया। इस अवसर पर अधिकारी एवं सरपंच भरत कश्यप उपस्थित थे। सरपंच ने कहा कि शिविर में ग्रामीणों ने हिस्सा लेकर लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों को राजस्व जमीन पर नाम काटने जोड़ने जैसे विषय को लेकर राशन कार्ड बनाए जाने एवं काटने एवं पेंशन योजना में नाम जुड़वाने को लेकर मार्गदर्शन के साथ उनके समस्याओं के निराकरण के लिए यह शिविर था।

ग्रामीणों को पहले से ही इस कार्य के लिए आधार कार्ड पट्टा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों के साथ बुलाया गया था। समय समय पर सरकार और आम जनता के समस्याओं के निवारण के लिए इस तरह का आयोजन जरूरी है।

# बस्तर जिले में लाख पालन, कृषकों के प्रेरणा स्त्रोत बने पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली खेती**



बस्तर जिला ग्राम कुरंदी के लाख कृषक पवन कुमार बघेल द्वारा वर्ष 2010-11 से अपने बड़े भाई मनोज कुमार बघेल के साथ लाख पालन किया गया था। वर्ष 2010-11 में 15 कुसूम वृक्षों से लाख पालन प्रारंभ किया था, जिससे इनको उस वर्ष लगभग 20 क्विंटल बिहन लाख का उत्पादन हुआ था।

■ **कुरंदी में 7 कूसुम व 10 बेर वृक्षों में किया बीहन संचारण**

इसमें से 10 क्विंटल बीहन लाख का संचारण आगामी फसल हेतु किया गया तथा शेष 10 क्विंटल को 350 रुपए प्रति किलो 3 लाख 50 हजार रूपए की आय प्राप्त हुई थी। साथ ही इन्होंने 4 क्विंटल फूंकी लाख को भी 750 रुपए प्रति किलो के दर से तत्कालीन समय में विक्रय कर 3 लाख रुपए का आय अर्जित किया था। इसी तरह अगले तीन-चार वर्षों तक तत्कालीन समय के बाजार दर के आधार पर बीहन एवं छिली लाख विक्रय करते हुये ये किसान प्रतिवर्ष 60 हजार से 80 हजार तक की आय अर्जित किया करते थे, पर वर्ष 2014-15 में छिली लाख के बाजार दर में गिरावट एवं किसी भी किसान द्वारा बीहन लाख क्रय नहीं किये जाने के कारण इनके द्वारा लाख पालन का कार्य कुछ समय के लिये छोड़ दिया गया। वर्ष 2024-25 में जनवरी के सीजन में फिर से 4 कुसूम वृक्षों में 26 किलोग्राम का बीहन संचारण करते हुए जून-जुलाई 2024 में 1.83 क्विंटल बीहन लाख का उत्पादन किया गया था। उस समय इनके द्वारा 1.83 क्विंटल बीहन को जून-जुलाई के सीजन में 12 कुसूम वृक्षों में बीहन संचारण किया गया था, पर वर्षों के कारण कुछ मात्रा में इनकी फसल खराब हुई तथा दिसम्बर 2024 में 1.58 क्विंटल बीहन लाख ही उत्पादन हो सका। इसमें से इनके द्वारा 90 किलो बीहन लाख को 8 कुसूम वृक्षों में संचारित किया गया तथा शेष 68 किलो को 920 रूपए प्रति किलो के दर से स्थानीय अन्य कृष्कों को विक्रय किया गया। जिसके आधार पर उनको 62560 रूपए की आमदनी अर्जित हुई थी। वर्तमान सीजन वर्ष 2025 में इनके द्वारा 2.83 क्विंटल बीहन का उत्पादन किया गया था। इसमें से 83 किलो इनके द्वारा 7 कूसुम वृक्षों एवं 10 बेर वृक्षों में बीहन संचारण किया गया। 2 क्विंटल बीहन लाख को 400 रूपए प्रति किलो के दर से इन्होंने देवभोग, गरियाबंद के लाख पालन स्व सहायता समूह को विक्रय किया, जिससे उनको 80 हजार रूपए की आय प्राप्त हुई। ये कृषक डोंगरदेइ लाख पालन स्व- सहायता समूह के साथ मिलकर कार्य करते हैं एवं क्षेत्र के अन्य कृषकों के प्रेरणा स्त्रोत हैं।

### आया आर्थिक व सामाजिक बदलाव

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि लाख उत्पादन से ग्रामीणों की जिंदगी में आर्थिक, सामाजिक बदलाव आया है, इससे कई किसान जुड़े हुए हैं। बस्तर के वनों से लाख संगृहित करने का काम यहां के आदिवासी बहुत पहले करते आ रहें हैं। कुछ वर्ष पूर्व इसके बाजार दर कम हो जाने के कारण कई लाख कृषकों ने इससे हटकर अन्य कृषि की ओर रूझान कर लिया था। साथ ही कुछ ही किसान इसे प्रसंस्कृत कर दाना लाख एवं बटन लाख आदि बनाकर विक्रय कर रहे थे।

# दो कराटे खिलाड़ियों ने रचा इतिहास, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए हुए क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




नॉर्थ ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालयीन कराटे (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन डिब्रूगढ़ यूनिवर्सिटी द्वारा डिब्रूगढ़ (असम) में किया गया,जिसमें शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर

■ **6 से 9 अप्रैल तक डिब्रूगढ़ में होगा राष्ट्रीय मुकाबला**

अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच विश्वविद्यालय के दो खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन (ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी) प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर बस्तर का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों में प्रशांत नायडू शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,जगदलपुर एवं उदय प्रकाश मौर्य शासकीय नवीन महाविद्यालय,तोकापाल शामिल हैं। दोनों खिलाड़ियों ने टीम मैनेजर एवं कोच के मार्गदर्शन में अनुशासित एवं दमदार प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। विश्वविद्यालय परिवार ने इसे बस्तर के खेल इतिहास के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई कि अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन कराटे प्रतियोगिता का आयोजन पुनः डिब्रूगढ़ यूनिवर्सिटी में 6 अप्रैल से 9 अप्रैल तक किया जाएगा, जिसमें ये खिलाड़ी अपने प्रदर्शन का जलवा दिखाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति,कुलसचिव एवं समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

### बस्तर के खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

नॉर्थ ईस्ट जोन प्रतियोगिता में बस्तर के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन यह दर्शाता है कि क्षेत्र में खेल प्रतिभाएं तेजी से उभर रही हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचना उनके समर्पण,कठोर अभ्यास और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। आगामी अखिल भारतीय प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है, जो न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे बस्तर क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बनेगा।

# पंजाब सनातन धर्म सभा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए नवरत्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





पंजाब सनातन धर्म सभा के चुनाव में इस वर्ष सर्वसम्मति और सौहार्द का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, सभा के अध्यक्ष पद पर नवरत्न जलोटा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया में सभी सदस्यों ने एकमत होकर उनका समर्थन किया, जिससे पूरे आयोजन में संगठन की एकजुटता और मजबूती साफ तौर

■ **सुनीता बनी महिला सत्संग समिति की अध्यक्ष**

पर नजर आई। इसी क्रम में महिला सत्संग समिति की अध्यक्ष की जिम्मेदारी सुनीता कपूर को सौंपी गई। उनके चयन से महिला सदस्यों में विशेष उत्साह देखा गया और सभी ने संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया वरिष्ठ सदस्य एवं चुनाव अधिकारी अशोक अरोड़ा की देखरेख में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से पूरा कराया, जिसकी सभा के सभी सदस्यों ने सराहना की। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों के चयन के बाद सभा से जुड़े लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सदस्यों ने विश्वास जताया कि नई टीम आपसी सहयोग, समर्पण और समाज सेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी तथा सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों को और अधिक सशक्त एवं व्यापक स्वरूप प्रदान करेगी।

## रेंजर एसोसिएशन की हुई बैठक



**जगदलपुर।** वन विभाग रेंजर एसोसिएशन का वृत्त स्तरीय बैठक शहर के गीदम रोड स्थित वन विद्यालय के दीक्षान्त हाल में शनिवार को प्रांतीय अध्यक्ष धनलाल साहू की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में प्रान्तीय उपाध्यक्ष जागेस्वर साहू, प्रांतीय सचिव सौरभ रजक, वृत्त अध्यक्ष बुधराम साहू, वृत्त सचिव अघनश्याम भगत, वृत्त उपाध्यक्ष दीपक कुमार बघेल, गुरुवचन सिंह, वृत्त कोषाध्यक्ष बलदाऊ दास मानिकपुरी, वृत्त सहसचिव देवेन्द्र सिंह वर्मा, दीक्षा बर्मन सहित समस्त वृत्त स्तरीय पदाधिकारियों एवं जिला बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर के समस्त रेंजर की उपस्थिती में सम्पन्न हुआ। बैठक में अनेकों मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया गया पश्चात बैठक का समापन किया गया।

# माचकोट चैत्र मेला आस्था और परंपरा का उत्सव, किरण देव ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के माचकोट में आयोजित वार्षिक चैत्र मेला शनिवार को आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मां जिंण्डारीनी भण्डारीणी माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश सहित बस्तर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

मेला स्थल पर पहुंचने पर ग्रामवासियों ने पारंपरिक धुरवा नाचा के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। तिलक लगाकर अभिनंदन करते हुए ग्रामीणों ने अपनी संस्कृति और परंपरा का अनूठा प्रदर्शन किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेला में शामिल हुए। इस अवसर पर किरण देव ने कहा कि बस्तर में आयोजित मेला, मंडई और जात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यहां की समृद्ध कला, संस्कृति और परंपराओं के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है और हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भेंट कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और निराकरण का आश्वासन दिया। समापन अवसर पर उन्होंने सभी उपस्थित जनमानस को मेला की शुभकामनाएं देते हुए इसे बस्तर की पहचान बताया। अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं में जनपद सदस्य हेमेश्वरी नाग, मंडल प्रभारी रजनीश पानीग्राही,मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया,सीमांचल दास,पिंटू ठाकुर, राजाराम, रूपेश समरथ,तपन सरकार,राधे पन्द्रै सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंच, पुजारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### मेला बना संस्कृति और जनसंवाद का संगम

माचकोट का वार्षिक चैत्र मेला केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह बस्तर की पारंपरिक जीवनशैली, लोकनृत्य और सामुदायिक एकजुटता का जीवंत मंच बनकर उभरा। धुरवा नाचा की प्रस्तुति ने जहां लोक संस्कृति की झलक दिखाई, वहीं जनप्रतिनिधियों और आम जनता के बीच सीधा संवाद भी स्थापित हुआ। इस प्रकार का आयोजन ग्रामीण अंचलों में सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ स्थानीय परंपराओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# 20 किमी साइकिल रैली का प्रतिभागियों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम




बीजापुर जिले के भोपालपटनम में रविवार 20 किलोमीटर लंबी साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली सुबह लगभग 7:30 बजे नगर पंचायत परिसर से प्रारंभ होकर मट्टीमारका के लिए रवाना हुई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में युवाओं एवं नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे मार्ग में उत्साह का माहौल बना रहा।

रैली की दूरी 20 किलोमीटर होने के कारण प्रतिभागियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रास्ते में ग्लूकोज युक्त पानी एवं जूस की व्यवस्था की गई थी। साथ ही प्रतिभागियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए मेडिकल टीम भी रैली के साथ मौजूद रही। इस आयोजन में प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) यशवंत कुमार नाग, तहसीलदार लक्ष्मण राठिया, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस घनश्याम कामड़े, खंड शिक्षा अधिकारी विजय कोरम एवं मंडल संयोजक नंद कुमार मारकोंडा सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि रैली में शामिल रहे। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए संदीप मोरला वरदली ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं एशम आशीष उल्लूर द्वितीय और संतोष गोटे तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को कार्यक्रम के अंत में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान एट्टी रज्जना, बिलाल खान भाजपा, चिंतुर दशरथ, चिंतुर संजय, लोकेश गौतम, बंजारे एवं थाना प्रभारी जीवन कुमार जांगड़े सहित नगर एवं ग्राम पंचायतों से आए गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। पूरे आयोजन का समापन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक हुआ, जिसे प्रतिभागियों और स्थानीय नागरिकों ने सराहा।

